समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

# चहक – 2

4 से 5 आयु वर्ग के बच्चों हेतु कार्यपुस्तिका



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

हथेली की छाप से मोर का चित्र बनवाएँ।



# चहक-2

## 4 से 5 आयु वर्ग के बच्चों हेतु कार्यपुस्तिका

यहाँ बच्चे
की फोटो
चिपकाएँ।

नाम : ..............................................................



जन्मतिथि : ........................................................




विद्यालय का नाम : ..........................................



घर का पता : ...................................................

शिक्षक/अभिभावक यह जानकारी बच्चों के साथ भरें।







## संरक्षण

**श्रीमती कंचन वर्मा**, महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ.प्र., लखनऊ।

## निर्देशन

**श्री गणेश कुमार**, निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ.प्र. लखनऊ।

## परामर्श

**डॉ. पवन सचान**, संयुक्त निदेशक (एस.एस.ए.), राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ.प्र., लखनऊ।

## अकादमिक निर्देशन

**श्रीमती दीपा तिवारी**, उप शिक्षा निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ.प्र., लखनऊ।

## प्रशासनिक सहयोग

**श्रीमती पुष्पा रंजन**, सहायक उप शिक्षा निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ.प्र., लखनऊ।

## समन्वयन एवं सम्पादन

**श्रीमती शिप्रा सिंह**, प्रवक्ता–शोध, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ.प्र., लखनऊ।

## रचना

**सुश्री गायत्री**, प्रवक्ता, राज्य हिन्दी संस्थान, वाराणसी, **श्री संजय कुमार सिंह**, प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मीरजापुर, **सुश्री एस.बी. आरती**, प्रवक्ता, राजकीय शिशु प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय, आगरा, **डॉ. असित कुमार मौर्य**, प्रवक्ता, मनोविज्ञानशाला, प्रयागराज, **सुश्री प्रज्ञा सिंह**, प्रवक्ता, राज्य शिक्षा संस्थान, प्रयागराज, **श्री राजेन्द्र कुमार भारती**, प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, कौशाम्बी, **सुश्री सीमा सिंह**, मुख्य सेविका, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, लखनऊ, **सुश्री सीमा चौधरी**, स.अ., बचपन डे केयर सेन्टर, लखनऊ, **सुश्री श्रद्धा सिंह**, मुख्य सेविका, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, लखनऊ।

## रूपायन

**श्री विजय कुमार**, प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सुलतानपुर।

**डॉ. गोविन्द प्रसाद**, प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बस्ती।

## विशेष आभार

**राज्य हिन्दी संस्थान, वाराणसी**

## विशेष सहयोग

लैंग्वेज एण्ड लर्निंग फाउंडेशन तथा सेंट्रल स्क्वेअर फाउंडेशन।

## कवर एवं बैक पेज डिज़ाइन

**श्री विजय कुमार**, प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सुलतानपुर।

**डॉ. गोविन्द प्रसाद**, प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बस्ती।

## तकनीकी सहयोग

**श्री हसरत हुसैन**, कम्प्यूटर सहायक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ.प्र., लखनऊ।

## आभार

इण्टरनेट तथा अन्य स्रोत, जिनकी सामग्री का प्रयोग किया गया है।

सत्र 2025–26

# निदेशक की कलम से

बाल्यावस्था के प्रारम्भिक वर्षों में बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास तीव्र गति से होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में यह उल्लिखित है कि बच्चों के मस्तिष्क का 85ः विकास 06 वर्ष की उम्र में हो जाता है और इसका प्रभाव बच्चे के सीखने और अग्रतर जीवन में सफल होने की क्षमता पर पड़ता है। अतः प्रारम्भिक स्तर पर ही बच्चे के संज्ञानात्मक विकास, सामाजिक विकास, शारीरिक विकास तथा नैतिक विकास को सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर विषेष बल दिया गया है। यद्यपि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अधिगम वातावरण को बालमन के अनुसार नैसर्गिक माहौल देने का दायित्व शिक्षक, अभिभावक एवं समुदाय पर निर्भर है तथापि औपचारिक रूप से प्रारम्भिक स्तर पर बालमनोविज्ञान के अनुसार आयु संगत शिक्षण सामग्री की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

बच्चों को सहज रूप से सिखाने के माध्यम के रूप में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा 3 से 6 आयु वर्ग के बच्चों हेतु **'चहक'** कार्यपुस्तिका का विकास कराया गया है। यह कार्यपुस्तिका बच्चों की जिज्ञासाओं, रूचि, सीखने की गति और प्रक्रिया को ध्यान में रखकर विकसित की गयी है। इसमें रंग–बिरंगे चित्र, सरल शब्दावली और इस प्रकार के अभ्यास कार्य एवं गतिविधियाँ सम्मिलित की गयी हैं, जो बच्चों को प्रसन्नता और उत्साह के साथ सीखने के लिए प्रेरित करेंगी तथा उनके समग्र विकास में सहायक होंगी। यह भी प्रयास किया गया है कि बच्चे अपने परिवेशीय संदर्भों का उपयोग सीखने में करें। कार्यपुस्तिका में शिक्षण संकेत भी दिये गये हैं जो बच्चों को सहजता से सिखाने में शिक्षकों की सहायता करेंगे।

**'चहक'** कार्यपुस्तिका विकास में परामर्श हेतु मैं डॉ. पवन सचान, संयुक्त निदेशक (एस.एस.ए.), अकादमिक निर्देशन हेतु श्रीमती दीपा तिवारी, उप शिक्षा निदेशक तथा समन्वयन एवं सम्पादन हेतु श्रीमती शिप्रा सिंह, प्रवक्ता–शोध, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ.प्र. लखनऊ को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। कार्यपुस्तिका की रचना एवं रूपायन से जुड़े विशेषज्ञ विशेष रुप से बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने अथक परिश्रम के साथ उक्त कार्यपुस्तिका का विकास किया। साथ ही मैं निदेशक, राज्य हिन्दी संस्थान, वाराणसी के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ जिनके द्वारा विकसित सामग्री का इस कार्यपुस्तिका में समावेश किया गया है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि **'चहक'** कार्यपुस्तिका अपेक्षित भाषाई कौशलों का विकास कर बच्चों के समग्र विकास में सफल होगी और उनकी भावी शिक्षा को सुदृढ़ आधार प्रदान करेगी। बच्चों की शैक्षिक यात्रा की आनन्दमयी शुरूआत हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ।

(गणेश कुमार)
**निदेशक**
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद
लखनऊ, उत्तर प्रदेश



## प्रिय शिक्षक,

3 से 6 वयवर्ग के बच्चों को सहज एवं रोचक ढंग से सिखाने तथा उन्हें सीखने के लिये प्रेरित करने की दृष्टि से कक्षा में आपकी भूमिका चुनौतीपूर्ण है। सिखाने की प्रक्रिया इस वय वर्ग के बच्चों के लिए सरल, रोचक, प्रभावी एवं आनंददायी हो, इसके लिए आप से अपेक्षा है कि–

- शिक्षण में सभी बच्चों की सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करें।
- प्रत्येक पाठ हेतु निर्धारित दक्षता को बच्चों में विकसित किए जाने के उद्देश्य से आकर्षक एवं रोचक चित्रों द्वारा अधिक से अधिक अभ्यास कराएँ।
- भाषाई अवधारणाओं को सीखने–सिखाने तथा भाषाई कौशलों के विकास के लिए बच्चों को आपस में बातचीत करने, स्वयं अनुभव करने तथा अनुभवों को साझा करने का अवसर दें।
- बच्चों को प्रश्न पूछने और अपनी बात कहने का अवसर दें।
- सिखाने के विभिन्न तरीकों जैसे– बातचीत (वार्तालाप), समूह कार्य, खेल, गतिविधि आदि का अधिकाधिक प्रयोग करें।
- बच्चों को करके सीखने के अवसर दें। गतिविधि आधारित कक्षा में आपकी भूमिका एक प्रेरक एवं सुगमकर्ता की होनी चाहिए।
- बच्चों की वैयक्तिक भिन्नता और विशिष्टता को पहचान कर कक्षा क्रियाकलाप कराए जाएँ।
- विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को सभी बच्चों के साथ समूह कार्य का अवसर दें।
- विषयवस्तु के प्रति समझ विकसित करने के लिए परिवेशीय उदाहरणों/टी.एल.एम. का प्रयोग करते हुए रटने के स्थान पर अवधारणाओं की समझ को विकसित करने पर बल दें।
- बच्चों से रंग भरने का अभ्यास कराया जाए जिससे उनकी सूक्ष्म मांसपेशियों का विकास हो सके। रंग भरने के लिये क्रेयॉन्स (मोम के रंग) या पेंसिल रंग ही उपलब्ध कराएँ। बच्चों द्वारा किसी रासायनिक रंगों का प्रयोग न किया जाए।
- क्राफ्ट सम्बन्धी कार्यों को कराते समय आयु एवं बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाए।
- स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, नैतिक, मानवीय एवं सामाजिक मूल्यों का विकास विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कराया जाए।
- बच्चों से शिष्ट भाषा में बात की जाए, जिससे बच्चे भी अनुकरण द्वारा शिष्ट भाषा में बातचीत करें।
- शिक्षण करते समय बीच–बीच में बच्चों से प्रश्न पूछकर, अवलोकन द्वारा, बातचीत द्वारा तथा पाठ्यपुस्तक में दिए गए अभ्यास द्वारा आकलन करते रहें।
- विभिन्न पाठों में आपके लिए दिए गए निर्देशों के क्रम में बच्चों की सहायता करें।
- बच्चे विविध संदर्भों से सीखते हैं, अतः पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त अन्य संसाधनों का अधिकाधिक प्रयोग करें।
- कार्यपुस्तिका में दिये गये अभ्यास कार्यों के साथ–साथ अवधारणाओं की समझ हेतु अन्य अभ्यास कार्य भी कराएँ।

आशा है कि इस कार्यपुस्तिका के द्वारा तथा आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से बच्चों में सीखने की प्रवृत्ति बढ़ने के साथ–साथ उनके अधिगम सम्प्राप्ति स्तर में वृद्धि होगी।







# अधिगम सम्प्राप्ति

- सरल निर्देशों का पालन करते हैं तथा अभिवादन करते हैं।
- परिवार के सदस्यों का नाम तथा उनके विषय में बता लेते हैं।
- शरीर के विभिन्न अंगों को पहचानकर उनके कार्यों के बारे में बता लेते हैं।
- अच्छी आदतों के बारे में बता लेते हैं।
- छोटी कविताओं को हाव–भाव के साथ सुनाते हैं।
- कहानी के पात्रों के नाम बता लेते हैं।
- विभिन्न घटनाओं/संदर्भों पर प्रश्न पूछते हैं।
- पेड़–पौधों के भागों और उनसे मिलने वाली वस्तुओं को पहचान लेते हैं।
- जमीन, जल और वायु में चलने वाले वाहनों को पहचान लेते हैं और उनमें अन्तर कर लेते हैं।
- सामुदायिक सहयोगियों के कार्य स्थलों और उपकरणों को पहचान लेते हैं तथा उपयोग बता लेते हैं।
- अलग–अलग मौसम को समझ लेते हैं और मौसम सम्बन्धी चीजों को पहचान लेते हैं।
- पानी के उपयोग और महत्व के बारे में बता लेते हैं।
- चित्र में दी गयी वस्तुओं के नाम बता लेते हैं।
- भोजन के स्रोतों के बारे में बता लेते हैं।
- सहायता के साथ रेखाएँ खींच लेते हैं।
- बिना गिने वस्तुओं की तुलना करते हुए अधिक/कम की मात्रा बता लेते हैं।
- आकार, वजन, ऊँचाई और लम्बाई के आधार पर वस्तुओं की तुलना कर लेते हैं।
- आस–पास की वस्तुओं में आकृति पहचान लेते हैं।
- वस्तुओं को पहचानकर रंग भर लेते हैं।
- अलग–अलग रंग और आकार की वस्तुओं को छाँट लेते हैं।
- आस–पास की वस्तुओं में रंगों की पहचान कर लेते हैं।
- आकार और रंगों के आधार पर पैटर्न (क्रम) बना लेते हैं।
- वस्तु/चित्रों में दी गयी वस्तुओं को गिनकर उनकी संख्या बता लेते हैं तथा उनकी संख्या से मिलान कर लेते हैं।
- वस्तुओं को पकड़ तथा फेंक लेते हैं।
- बड़ी व छोटी मांसपेशियों के विकास से जुड़ी गतिविधियों, अभ्यास कार्यों तथा रचनात्मक कार्यों को कर लेते हैं।
- पत्ती तथा अँगूठे की छाप से चित्र बना लेते हैं।
- मिट्टी की विभिन्न आकृतियाँ बना लेते हैं।
- वस्तुओं को उनकी आकृतियों से मिला लेते हैं।







# विषय-सूची



इकाई 1 : मैं और मेरा परिवार 1-12


इकाई 2 : हमारा भोजन 13-26


इकाई 3 : पेड़-पौधे 27-36


इकाई 4 : जीव-जन्तु 37-48


इकाई 5 : हमारे सहयोगी 49-61


इकाई 6 : हमारे वाहन 62-71


इकाई 7 : त्योहार 72-82


इकाई 8 : मौसम 83-95


इकाई 9 : पानी 96-106








इकाई-1

# मैं और मेरा परिवार



## प्रार्थना

पढ़-लिख कर हम बने महान,
विनती सुन लो हे भगवान,
खूब पढ़ाना, खूब लिखाना,
बुरे काम से हमें बचाना,
खबर हमारी लेते रहना,
हमें सहारा देते रहना,
शिशु शाला को जाते हैं हम,
तुमको शीश नवाते हैं हम।

शिक्षण-संकेत : बच्चों को प्रतिदिन प्रार्थना-स्थल पर प्रेरणादायक कहानियाँ/कविताएँ सुनाएँ।

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-1

# अभिवादन और शिष्टाचार










Good Morning
शुभ प्रभात

Good Afternoon
शुभ दोपहर

Good Night
शुभ रात्रि

## शिष्टाचार वाले शब्दों का प्रयोग करें।










Please
कृपया

Thank You
धन्यवाद

Sorry
क्षमा करें

शिक्षण-संकेत : बच्चों को अभिवादन करने एवं शिष्टाचार सूचक शब्दों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# मेरा परिवार

ये हैं मेरी अच्छी दादी, ये हैं मेरे अच्छे दादा।
ये हैं मेरी प्यारी माँ, ये हैं मेरे प्यारे पापा।
ये हैं मेरा छोटा भाई, करता है माँ, पापा।



शिक्षण-संकेत : कविता का हाव-भाव के साथ अभ्यास कराएँ। बच्चों से उनके परिवार के सदस्यों के बारे में चर्चा करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-1

# मेरा घर



यह मेरा घर है। मैं यहाँ अपने परिवार के साथ रहती हूँ।



यह हमारा कमरा है।



रसोईघर में खाना बनता है।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर



हम जूते-चप्पल घर के बाहर ही उतारते हैं।



हम हाथ-मुँह यहाँ धोते हैं।



हम यहाँ खाना खाते हैं।

**शिक्षण-संकेत :** बच्चों से घर के विभिन्न स्थानों तथा उनके प्रयोग, वस्तुओं को नियत स्थान पर रखने और कूड़ेदान का प्रयोग करने के बारे में चर्चा करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-1

# मेरा परिवार

पेड़ पर लगे फलों में अपने परिवार के सदस्यों का चित्र बनाएँ या चिपकाएँ।



शिक्षण-संकेत : बच्चों से अपने परिवार के सदस्यों के बारे में पूछें, जैसे- आपके परिवार में कौन-कौन हैं? आपको घर में सबसे अच्छा कौन लगता है?

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-1

# अच्छी आदतें

अच्छी आदतों के गोले में नीला रंग भरें।

प्रतिदिन दाँत साफ करना



प्रतिदिन व्यायाम करना



मुँह में पेंसिल डालना



प्रतिदिन नहाना



शिक्षण-संकेत : अच्छी और बुरी आदतों पर चर्चा करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# प्यारे बच्चे

बड़ी गुड़िया में नीला रंग भरें।



हम सब प्यारे-प्यारे बच्चे
नहीं किसी से कभी झगड़ते
आपस में मिलकर हम रहते
प्यार और आदर सबका करते
खाना मिलकर साथ हैं खाते
खेल-कूद में सबसे आगे
मदद एक-दूसरे की करते
हम सब प्यारे-प्यारे बच्चे।

शिक्षण-संकेत : बच्चों को हाव-भाव के साथ कविता का अभ्यास कराएँ।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ तुलना करें

अधिक लोगों वाले चित्र के सामने बने गोले पर सही (✓) का निशान लगाएँ।





अधिक पुस्तकों वाले चित्र के सामने बने गोले पर सही (✓) का निशान लगाएँ।





कम कपड़ों वाली अलमारी के चित्र पर गोला (O) बनाएँ।





कम गिलास वाले चित्र पर गोला (O) बनाएँ।





DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-1

# गेंद का खेल

## नीचे दिए चित्रों के अनुसार खेल कराएँ।




बच्चों को सीधी पंक्ति में खड़ा करें। पहले बच्चे के हाथ में गेंद दें।




आगे खड़े बच्चे से अपने सिर के ऊपर से पीछे खड़े बच्चे को गेंद पकड़ाने के लिए कहें।




बच्चों को अपने पैर के बीच से पीछे खड़े बच्चे को गेंद पकड़ाने के लिए कहें।

## गोले में लाल और तिकोने में पीला रंग भरें।



शिक्षण-संकेत : बच्चों से परिवेशीय खेलों के विषय में तथा उनके पसन्द खेल के विषय में पूछें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-1

# मिट्टी से आकृतियाँ

**नीचे दिए चित्रों को देखकर क्ले/मिट्टी से अपनी पसंद की चीजें बनाएँ।**

1



सभी को गीली मिट्टी दें।

2



मिट्टी को हाथ से गूंथने के लिए कहें।

3



मिट्टी को बेलनाकार आकृति में बनाने के लिए कहें।

4



मिट्टी से गोली बनाने के लिए कहें।

5



शिक्षण-संकेत : अपनी पसंद की अलग-अलग आकृति बनाकर दिखाने के लिए कहें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# हमने सीखा

बड़ी गेंद में लाल रंग भरें।



समान रंग से मिलान करें।













शिक्षण-संकेत : बच्चों से आस-पास की वस्तुओं के रंग पूछें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

## वर्णमाला गीत

# अनार

अ



अनार के दाने लाल-लाल।

# आम

आ



आम खाते मिट्ठू लाल।

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# सब्जियाँ

दिए गए रंग के अनुसार चित्र में रंग भरें।

लाल Red

नीला Blue

पीला Yellow









भिण्डी, अरबी, लौकी खाओ,
आलू, बैंगन, कद्दू खाओ।
धनिया खाओ, गाजर खाओ,
हरी-हरी सब्जी तुम खाओ,
अपनी सेहत खूब बनाओ।







शिक्षण-संकेत : बच्चों को स्वास्थ्यवर्द्धक भोजन का महत्व बताएँ तथा स्वास्थ्यवर्द्धक भोजन खाने के लिए प्रेरित करें। हाव-भाव के साथ कविता का अभ्यास कराएँ।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-2

# आओ नाम जानें

## फलों को पहचानें।



केला



सेब



आम



अंगूर



संतरा



पपीता

## दूध से बने पदार्थ




शिक्षण-संकेत : बच्चों से फलों के नाम तथा उनकी पसंद की खाने की वस्तुओं के नाम पूछें।
दूध से बनने वाले खाद्य पदार्थों के विषय में पूछें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# भोजन के स्रोत

## भोजन के स्रोत से भोजन का मिलान करें।

















DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

## इकाई-2 फलों और सब्जियों को पहचानें

फलों पर नारंगी और सब्जियों पर बैंगनी रंग से गोला बनाएँ।

























DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# वर्णमाला गीत

# इ

## इमली



इमली खट्टी, मीठे बेर।

# ई

## ईख



ईख-खेत से निकला शेर।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ रंग पहचानें

दिए गए रंग के अनुसार चित्र में रंग भरें।

बैंगनी
Purple



हरा
Green



नारंगी
Orange



DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ तुलना करें

## कम पत्तियों वाले चित्र में रंग भरें।





## अधिक केले वाले चित्र में रंग भरें।





## कम कटोरी वाले चित्र पर गोला (O) बनाएँ।





DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ रंग पहचानें

दिए गए रंग के अनुसार चित्र में रंग भरें।

पीला



लाल



नीला



हरा



भूरा



काला



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-2

# आकृति पहचानें

## वस्तुओं को उनकी समान आकृति के साथ मिलाएँ।







चौकोर
Square







तिकोन
Triangle







गोल
Circle

शिक्षण-संकेत : आस-पास दिख रही वस्तुओं के आकार के बारे में पूछें/बताएँ।

DD/MM/YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# चित्र बनाएँ

बिन्दुओं को मिलाकर चित्र को पूरा कर रंग भरें।





खाद्य पदार्थ का नाम :





खाद्य पदार्थ का नाम :





खाद्य पदार्थ का नाम :

शिक्षण-संकेत : बच्चों से आकृति का नाम पूछें तथा खाद्य पदार्थ का नाम पूछकर लिखें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# आकृति पहचानें

आकृति को समान आकार की वस्तुओं से मिलाएँ।




















DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ तुलना करें

छोटे पेड़ के सामने बने गोले में सही (✓) का निशान लगाएँ।





बैंगनी गोले के साथ लंबा और हरे गोले के साथ छोटा ऊन/धागा चिपकाएँ।





DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# हमने सीखा

आकृति को उस आकार की वस्तुओं से मिलाएँ।



सेब में लाल, बैंगन में बैंगनी, मिर्च में हरा, केले में पीला रंग भरें।



DD / MM / YYYY
दिनांक

........................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# पेड़-पौधे

पेड़ बनाएँ।



शिक्षण-संकेत : पेड़ में हरे कागज के टुकड़ों से पत्तियाँ बनाने तथा रंग-बिरंगे कागज के टुकड़ों से फूल बनाने के लिए कहें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# पेड़ हमें क्या-क्या देते हैं

पेड़-पौधों से मिलने वाली वस्तुओं में रंग भरें।











शिक्षण-संकेत : पेड़-पौधों से मिलने वाली वस्तुओं पर चर्चा करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ तुलना करें

## छोटी वस्तु के चित्र में रंग भरें।





## हल्की वस्तु के चित्र पर गोला (O) लगाएँ।





शिक्षण-संकेत : बच्चों को पौष्टिक भोजन खाने से होने वाले लाभ के बारे में बताएँ।

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# इकाई-3 पेड़-पौधों के भागों को पहचानें

## पेड़ के भागों को पहचानकर पेड़ से मिलाएँ।



जड़



फल



पत्ता



शिक्षण-संकेत : बच्चों से पूछें कि आपके घर के आस-पास कौन-कौन से पेड़ हैं।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# वर्णमाला गीत

## उ

## उल्लू



उल्लू की हैं आँखें गोल।

## ऊ

## ऊन



ऊन का गोला होता गोल।

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-3

# आओ रंग पहचानें

दिए गए रंग के अनुसार चित्रों में रंग भरें।





हरा
Green

बैंगनी
Purple

नारंगी
Orange





शिक्षण-संकेत : बच्चों से सुगन्ध के विषय में मुक्त वार्तालाप करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-3

# आओ छाप लगाएँ

पत्तियों की छाप से अनार में रंग भरें।



शिक्षण-संकेत : बच्चों से पूछें कि अनार के दाने किस रंग के होते हैं तथा इसका स्वाद कैसा होता है।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# बगीचा




शिक्षण-संकेत : चित्र पर बच्चों से मुक्त वार्तालाप करें। खेल एवं व्यायाम से लाभ तथा खेल भावनाओं जैसे- एक-दूसरे का सम्मान, अनुशासन, सहनशीलता, सहयोग, नेतृत्व आदि के विषय में बातचीत करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# चित्र बनाएँ

बिन्दुओं को मिलाकर चित्र को पूरा करें और रंग भरें।



पेड़ से मिलने वाली एक वस्तु का चित्र बनाएँ और रंग भरें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-3

# हमने सीखा

पेड़ से मिलने वाली वस्तु के चित्र पर गोला बनाएँ।









फलों में पीला  और सब्जियों में हरा  रंग भरें।









DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-4

# जीव जन्तु



## चिड़िया रानी

चिड़िया बोली चीं चीं चीं,
हुई सुबह जागो तुम भी।
पढ़ो लिखो, व्यायाम करो,
जग में ऊँचा का नाम करो।

शिक्षण-संकेत : कविता का हाव-भाव के साथ अभ्यास कराएँ। पशु-पक्षियों के संरक्षण पर चर्चा करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-4

# रस्सी पर चलना

## नीचे दिए चित्रों के अनुसार रस्सी पर चलवाएँ।



बच्चों को सीधी पंक्ति में खड़ा करें।



बच्चों को सीधी रस्सी पर चलने के लिए कहें।



बच्चों को टेढ़ी-मेढ़ी रस्सी पर चलने के लिए कहें।

## आओ जानें तोते को



शिक्षण-संकेत : चित्र पर चर्चा करें और बच्चों से पूछें कि आपने कौन-कौन से पक्षी देखे हैं।

DD / MM / YYYY
दिनांक

................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-4

# जानवरों को पहचानें

घरेलू/पालतू जानवरों के चित्रों के गोले पर अँगूठे की छाप लगाएँ।















शिक्षण-संकेत : पालतू एवं जंगली जानवरों के बारे में पूछें। जीवों के संरक्षण पर चर्चा करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-4

# जानवरों को पहचानें

जंगली जानवरों पर लाल और घरेलू/पालतू जानवरों पर पीले रंग से गोला बनाएँ।



पक्षियों पर नीले और जानवरों पर हरे रंग से गोला बनाएँ।



शिक्षण-संकेत : बच्चों से जानवरों की शारीरिक विशेषताओं, उनके भोजन आदि के बारे में चर्चा करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-4

# अँगूठे की छाप

विभिन्न रंगों से पानी में रहने वाले जानवरों पर अँगूठे का निशान लगाएँ।



अँगूठे की छाप से विभिन्न प्रकार के जीवों के चित्र बनाएँ।



शिक्षण-संकेत : बच्चों से जल में रहने वाले जीव-जन्तुओं के नाम पूछें और उनके संरक्षण पर चर्चा करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# वर्णमाला गीत

ए

एक



एक बिलौटा घर को जाता।

ऐ

ऐनक



ऐनक पहने भालू आता।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# जीव-जन्तु

रंग संकेत के अनुसार चित्र में रंग भरें।





शिक्षण-संकेत : पक्षियों के संरक्षण एवं देखभाल के विषय में बताएँ।

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ तुलना करें

छोटे जिराफ में पीला रंग भरें।





बिन्दुओं को जोड़कर चित्र को पूरा करें। बड़ी तितली में लाल रंग एवं छोटी तितली में नीला रंग भरें।





DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-4

# आओ तुलना करें

खरगोश से भारी जानवर पर गोले (O) का और उससे भारी जानवर पर सही (✓) का निशान लगाएँ।







बिल्ली से हल्के जीव पर सही (✓) का और उससे हल्के जीव पर गोले (O) का निशान लगाएँ।







बिन्दुओं को जोड़कर चित्र को पूरा करें और बड़ी चिड़िया में रंग भरें।





शिक्षण-संकेत : हल्का-भारी, छोटा-बड़ा पर चर्चा करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-4

# मेरा भालू



शिक्षण-संकेत : भालू के शरीर पर गोंद / फेविकोल की सहायता से रंगीन कागज चिपकाने के लिए कहें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# चित्र पूरा करें

चित्र को उसके दूसरे आधे हिस्से से मिलाएँ।



शिक्षण-संकेत : जीव-जन्तुओं के भोजन और रहने के स्थान पर चर्चा करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# हमने सीखा

जंगली जानवर पर बैंगनी रंग और पालतू जानवर पर नारंगी रंग से गोला बनाएँ।






ऊँचे पेड़ पर गोला बनाएँ।




भारी जानवर पर गोला बनाएँ।




DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-5

# हमारे सहयोगी

## सामुदायिक सहयोगियों को उनके कार्यस्थल से मिलाएँ।















## सामुदायिक सहयोगियों को उनके उपकरण से मिलाएँ।













शिक्षण-संकेत : सामुदायिक सहयोगियों के महत्व पर चर्चा करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# वर्णमाला गीत

# ओ

## ओखली



ओखली लाओ कूटो धान।

# औ

## औरत



औरत देखो बड़ी महान।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ तुलना करें

लंबी पेंसिल के गोले पर सही (✓) का निशान लगाएँ।



छोटी कील के गोले पर सही (✓) का निशान लगाएँ।



छोटी सीढ़ी में रंग भरें और ऊँचे स्टूल में रंग भरें।





शिक्षण-संकेत : उपकरणों के उपयोग के बारे में मुक्त वार्तालाप करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-5

# आओ अंक सीखें

## अंक एक (1) को पहचानकर गोला बनाएँ।

4 1 5 6

5 3 3

1 1 1 2

5

6 3

1 1 5 1

## अंक को पढ़कर उतने गिलास बनाएँ।

1

एक

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ अंक सीखें

## अंक दो (2) को पहचानकर गोला बनाएँ।

2 1 2 4

3 3

5

2 1

2

2

5

2 3

1 2 1 1 5

## अंक को पढ़कर उतने घड़े बनाएँ।

2

दो

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-5

# चित्र बनाएँ

## जिनको पहचानते हैं उन पर सही का निशान लगाएँ।









☐ ☐ ☐ ☐

## दिये गये उपकरण के बिन्दुओं को मिलाकर चित्र को पूरा करें और रंग भरें।



सहयोगी का नाम :

शिक्षण-संकेत : बच्चों से पूछकर सहयोगी का नाम लिखें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# पैटर्न बनाएँ

पहले पैटर्न के अनुसार दूसरे पैटर्न में अपनी पसंद के रंग भरे।



पैटर्न में रंग भरें।



अँगूठे की छाप से दो अलग-अलग रंगों से पैटर्न बनाएँ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

DD/MM/YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# वर्ग में कूदें

## नीचे दिए चित्रों के अनुसार बच्चों के साथ खेलें।




जमीन पर चॉक से दो वर्ग (बड़ा और छोटा) बनाएँ।




बच्चों को सीधी पंक्ति में खड़ा करें। पहले बड़े वर्ग में और फिर छोटे वर्ग में कूदने के लिए कहें।

## सबसे बड़े गोले में हरा और सबसे छोटे तिकोन में नारंगी रंग भरें।



इकाई-5

# सही स्पर्श, गलत स्पर्श

सही स्पर्श के लिए गोले में हरा और गलत स्पर्श के लिए गोले में लाल रंग भरें।



◯ ◯



◯ ◯



◯ ◯



◯ ◯



◯ ◯



◯ ◯



◯ ◯



◯ ◯



◯ ◯

शिक्षण-संकेत : बच्चों से सही और गलत स्पर्श के बारे में बातचीत करते हुए जागरुक करें। सही स्पर्श के लिए गोले में हरा तथा गलत स्पर्श के लिए लाल रंग भरवाएँ।

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ तुलना करें

भारी वस्तु में रंग भरें।





हल्की वस्तु के नीचे दिए गोले में सही (✓) का निशान लगाएँ।





भारी वस्तु में लाल और हल्की वस्तु में हरा रंग भरें।





DD / MM / YYYY
दिनांक

.............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ अंक सीखें

## वस्तुओं को गिनकर संख्या के साथ मिलाएँ।



1



2

## बिंदुओं को मिलाकर अंक बनायें।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-5

# पैटर्न पहचानें

मटके पर काले और सफेद कागज़ की पट्टी चिपकाकर पैटर्न बनाएँ।



सही पैटर्न के नीचे दिए गोले में सही (✓) का निशान लगाएँ।



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# हमने सीखा

## सहयोगियों को उनके कार्यस्थल से मिलाएँ।















## वस्तुओं को गिनकर उनकी संख्या के साथ मिलाएँ।



2



1

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-6

# हमारे वाहन

## वाहनों को उनकी चलने की जगह के साथ मिलाएँ।















हवा



जमीन



पानी

शिक्षण-संकेत : बच्चों से वाहनों के बारे में मुक्त वार्तालाप करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-6

# सड़क सुरक्षा एवं यातायात



- यातायात के नियमों का पालन करें।
- जेब्रा क्रॉसिंग पर चलकर सड़क पार करें।
- चलती गाड़ी पर चढ़ें-उतरें नहीं।
- वाहन की खिड़की से हाथ या सिर बाहर न निकालें।
- सड़क पर खेलें और दौड़ें नहीं।
- बड़ों का हाथ पकड़कर सड़क पार करें।

**शिक्षण-संकेत : उक्त बिन्दुओं के साथ यातायात एवं सड़क-सुरक्षा के सम्बन्ध में मुक्त वार्तालाप करें।**

DD / MM / YYYY

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# चित्र बनाएँ

## बिन्दुओं को मिलाकर चित्र को पूरा करें और रंग भरें।



## ट्रैफिक लाइट को देखकर रंग भरें।






शिक्षण-संकेत : बच्चों को ट्रैफिक लाइट के बारे में बताएँ।

DD / MM / YYYY
दिनांक

.................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ अंक सीखें

अंक तीन (3) को पहचानकर गोला बनाएँ।

2 1 3

5 4

3 3 1

5 1 3 3 2

2 3 2 1 5 3

अंक को पढ़कर उतने पहिये बनाएँ।

3

तीन

DD / MM / YYYY
दिनांक

.............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ तुलना करें

साइकिल से बड़े वाहन पर गोला (O) और उससे बड़े वाहन पर सही (✓) का निशान लगाएँ।







पहिये से बड़ी वस्तु में काला रंग भरें।







शिक्षण-संकेत : यातायात के नियम बताएँ।

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# वाहनों में अंतर पहचानें

हवा में चलने वाले वाहन के ऊपर रूई चिपकाकर बादल बनाएँ, पानी पर चलने वाले वाहन के नीचे नीले रंग से पानी बनाएँ।










DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# वाहन पहचानें

ईंधन से चलने वाले वाहन में हरा रंग भरें।





बड़े वाहन में बैंगनी रंग भरें।





तीन (3) से अधिक पहिए वाले वाहन पर सही (✓) का निशान लगाएँ।







शिक्षण-संकेत : बच्चों से वायु प्रदूषण पर मुक्त वार्तालाप करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-6

# रेलगाड़ी

## दिए गए चित्रों के अनुसार बच्चों से रेलगाड़ी का खेल करवाएँ।



बच्चों को पंक्ति में खड़ा करें।



पहले बच्चे को इंजन बनाएँ, बाकी के बच्चों को अपने सामने वाले बच्चे के कंधे पर हाथ रखकर रेलगाड़ी की तरह गोल चलने के लिए कहें।

## रेलगाड़ी को स्टेशन पर पहुँचाएं।



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# वाहनों में अंतर पहचानें

अधिक संख्या में लोगों को ले जाने वाले वाहन पर सही (✓) का निशान लगाएँ।





कम समय में अधिक दूरी तय करने वाले वाहन पर सही (✓) का निशान लगाएँ।





शिक्षण-संकेत : बच्चों को ट्रैफिक लाइट और जेब्रा-क्रासिंग के बारे में बताएँ।

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-6

# हमने सीखा

## वाहन की संख्या पहचानकर गोला बनाएँ।



2 3 1



1 2 3



2 3 1

## हवा में उड़ने वाले वाहन पर सही (✓) का निशान लगाएँ।





DD / MM / YYYY
दिनांक

.............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# राष्ट्रीय त्योहार

## चित्र में रंग भरें।



शिक्षण-संकेत : परेड का रोल प्ले (अभिनय) कराएँ।

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# संतुलन

## दिए गए चित्रों के अनुसार बच्चों से गतिविधि करवाएँ।



चित्रानुसार 6 इंच की दूरी पर दो समानान्तर रेखाएँ खींचें तथा दो ज़िग-जैग रेखाएँ खींचें।



बच्चों को पीठ पर हल्का बैग लेकर दोनों समानान्तर रेखाओं के बीच में चलने के लिए कहें।



बच्चों को पीठ पर हल्का बैग लेकर दोनों ज़िग-ज़ैग रेखाओं के बीच में चलने के लिए कहें।

## किन्हीं तीन (3) चौकोर में रंग भरें।



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-7

# दीवाली



जग-मग, जग-मग
टिम-टिम, टिम-टिम,
दिये जले दीवाली के।
नगर-नगर में डगर-डगर में,
दिये जले दीवाली के।
लड्डू, पूड़ी, खील, बताशे,
दिये जले दीवाली के।

शिक्षण-संकेत : कविता का हाव-भाव के साथ अभ्यास कराएँ। विभिन्न त्योहारों जैसे- दशहरा, होली, ईद, रक्षाबंधन, गुरू पर्व आदि के विषय में बातचीत करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

.............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ तुलना करें

दिए गए दीप से बड़े दीप पर गोला (O) और छोटे दीप पर सही (✓) का निशान लगाएँ।







दी गयी पिचकारी से छोटी पर सही (✓) और उससे छोटी पर गोले (O) का निशान लगाएँ।







दी गयी रस्सी से छोटी रस्सी बनाएँ।



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ तुलना करें

रंगीन झण्डी से लम्बी झण्डी में लाल और उससे लम्बी झण्डी में पीला रंग भरें।







दिए गए झण्डे से छोटे झण्डे पर सही (✓) और लम्बे झण्डे पर गोले (O) का निशान लगाएँ।







# वर्णमाला गीत

## ऋ

ऋषि



ऋषि बैठकर ध्यान लगाएँ।

## अं

अंगूर



अंगूर खाता है लंगूर।

## अः



अः अः पक गए खजूर।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-7

# आओ अंक सीखें

अंक 4 को पहचानकर गोला लगाएँ।

5 6 4 5 2

4 1

3 2 4 (1 2 3) 3 4

1 2

4 2 4 1 6

अंक को पढ़कर उतने गुब्बारे बनाएँ और रंग भरें।

4

चार

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-7

# हमारे त्योहार

## त्योहारों को उनकी विशेषताओं से मिलाएँ।
















शिक्षण-संकेत : विभिन्न त्योहारों के महत्व पर मुक्त वार्तालाप करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-7

# आओ तुलना करें

दिए गए दीपक से बड़े दीपक पर सही (✓) और उससे बड़े दीपक में गोले (O) का निशान लगाएँ।





छोटी पतंग में लाल, बड़ी पतंग में पीला और उससे बड़ी पतंग में नीला रंग भरें।





बीच में रखे लड्डू से पहले छोटा लड्डू तथा बाद में बड़ा लड्डू बनाकर रंग भरें।



शिक्षण-संकेत : त्योहार में बनाएँ जाने वाले व्यजंनों के बारे में पूछें, साथ ही उन्हें मिल बाँटकर खाने के महत्व के बारे में बताएँ।

DD/MM/YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-7

# हमारे त्योहार

विभिन्न रंगों के कागज के टुकड़ों को दीपक पर चिपकाएँ।



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-7

# हमने सीखा

## त्योहारों को उनकी विशेषताओं से मिलाएँ।

 • • 

 • • 

 • • 

## सबसे बड़ी रंगोली पर सही (✓) का निशान लगाएँ।

  

☐ ☐ ☐

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# मौसम

दिए गए छाते से छोटे छाते पर लाल और उससे बड़े छाते पर पीले रंग से गोला बनाएँ।



दिए गए बच्चे से ऊँचे पर गोला (O) और उससे ऊँचे बच्चे पर सही (✓) का निशान लगाएँ।



दिए गए पेड़ से छोटा पेड़ बनाएँ।



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# रेखाओं का अभ्यास

बिंदुओं को मिलाकर रेखाएँ खींचें।





DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# मौसम-जाड़ा

आया जाड़े का मौसम
थर-थर, थर-थर काँपे हम
किट-किट, किट-किट बजते दाँत
मुँह से निकल न पाती बात।



शिक्षण-संकेत : कविता का हाव-भाव के साथ अभ्यास कराएँ तथा तुकान्त शब्दों जैसे- मौसम, हम, दाँत, बात पर चर्चा करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ अंक सीखें

अंक पाँच (5) को पहचानकर गोला बनाएँ।

5 5 4 5 2

6 1

3 1  3 5



2 2

4 5 4 1 6

अंक को पढ़कर उतनी टोपी बनाएँ।

# 5

पाँच

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# चित्र बनाएँ

दिये गये चित्रों में ऊन/कपड़े/कागज की कतरन चिपकाएँ या रंग भरें।







शिक्षण-संकेत : बच्चों की सहायता करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-8

# मौसम



शिक्षण-संकेत : सर्दी, गर्मी एवं बरसात से बचने के उपायों पर चर्चा करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-8

# मौसम










शिक्षण-संकेत : मौसम के बारे में चर्चा करें। चित्र पर बच्चों से प्रश्न पूछें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-8

# मौसम - बरसात

बरसात से सम्बन्धित वस्तुओं को पहचानकर उनके नीचे दिए गोले पर अँगूठे की छाप लगाएँ।











DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# रेखाओं का अभ्यास

बिंदुओं को मिलाकर रेखाएँ खींचें।





DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ अंक सीखें

## वस्तुओं को गिनकर संख्या के साथ मिलाएँ।

 • • 3

 • • 4

 • • 5

## बिंदुओं को मिलाएँ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-8

# मौसम - गर्मी

गर्मी के मौसम में उपयोग में आने वाली वस्तुओं पर गोला बनाएँ।

















DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ खेलें

## नीचे दिए चित्रों के अनुसार गतिविधि कराएँ।



चित्र के अनुसार जमीन पर बॉक्स बनाकर अंकों को लिखें। बच्चे को गिट्टी देकर किसी भी बॉक्स में फेंकने के लिए कहें।



फिर एक बॉक्स में एक पैर पर और दो बॉक्स वाले में दो पैर पर चलते हुए अंत तक जाने के लिए कहें। जिस बॉक्स में गिट्टी पड़ी है, वहाँ नहीं जाना है।

## किन्हीं पाँच (5) बॉक्स में रंग भरें।



DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# हमने सीखा

वस्तुओं को गिनकर सही अंक पर गोला बनाएँ।



1
5
4



2
4
3



5
2
4



2
4
3



1
4
5

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# पानी

## बुलबुलों के चित्र



| भाग-1 | भाग-2 | भाग-3 |
|---|---|---|
| एक पुराना टूथ ब्रश लें। | 3-4 कटोरियों में अलग-अलग रंग घोलें। | टूथ ब्रश को रंग में डुबोकर अँगूठे की सहायता से बुलबुलों में छीटे लगाने के लिए कहें। |

शिक्षण-संकेत : पानी के उपयोग और उसके संरक्षण के बारे में चर्चा करें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-9

# आओ तुलना करें

क्रम के अनुसार भारी के लिए अंक 1, हल्के के लिए अंक 2 और उससे हल्के के लिए अंक 3 लिखें।













DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-9

# रेखाओं का अभ्यास

बिंदुओं को मिलाकर रेखाएँ पूरी करें।





......../......../..........
DD / MM / YYYY
दिनांक

.................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# आओ तुलना करें

क्रम के अनुसार ऊँचे के लिए अंक 1, छोटे के लिए अंक 2 और उससे छोटे के लिए अंक 3 लिखें।







# हल्का-भारी

## नीचे दिए चित्रों के अनुसार गतिविधि करवाएँ।



पानी/मिट्टी से भरा मग और एक खाली गिलास और चम्मच लें।



बच्चे को मिट्टी से भरे मग में से चम्मच से मिट्टी निकालकर गिलास में भरने को कहें।

## लाल डिब्बे में हल्की और नीले डिब्बे में भारी वस्तु बनाएँ।



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# रेखाओं का अभ्यास

बिंदुओं को मिलाकर रेखाएँ पूरी करें।





DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# चित्र बनाएँ

कौवे के नीचे घड़ा और कंकड़ बनाकर सभी चित्रों में रंग भरें।



शिक्षण-संकेत : चित्र पर कहानी सुनाएँ/बच्चों से कहानी पूछें।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-9

# चित्र बनाएँ

## बिंदुओं को जोड़कर चित्र को पूरा करें और रंग भरे।



वस्तु का नाम :

## पानी रखने के किसी बर्तन का चित्र बनाएँ।

वस्तु का नाम :

शिक्षण-संकेत : बच्चों से पूछें- ''आपके घर में पानी किसमें रखा जाता है?''

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-9

# आओ तुलना करें

वस्तुओं को गिनकर लिखें। अधिक वस्तुओं पर सही (✓) का निशान लगाएँ।



2



3 ✓













DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

इकाई-9

# स्वच्छता




शिक्षण-संकेत : बच्चों से स्वच्छता पर बातचीत करते हुए उसका महत्व बताएँ।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# हमने सीखा

जिस बर्तन में सबसे अधिक पानी आएगा उस बर्तन के नीचे बने बॉक्स में नीला रंग भरें।







झरने की ऊँचाई के आधार पर नीचे दिये गये बॉक्स में 1, 2, 3 अंक लिखें।







DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

पैटर्न के अनुसार रंग भरें।

1 2 3 4 5

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 2 | 4 | 3 | 4 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 4 | 5 | 2 | 5 | 4 |



# राष्ट्र-गान

जन-गण-मन-अधिनायक जय हे।
भारत-भाग्य-विधाता।।
पंजाब-सिंध-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-बंग।
विन्ध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा,
उच्छल-जलधि-तरंग।।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे।।
गाहे तव जय गाथा।।
जन-गण-मंगलदायक जय हे,
भारत-भाग्य विधाता।।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय, जय हे।।

............


**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद,**
**उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

पता : जे.बी.टी.सी. कैम्पस, निशातगंज, लखनऊ
दूरभाष : 0522—2780385, 2780505, फैक्स : 0522—2781125
ई—मेल : dscertup@gmail.com
वेबसाइट : www.scert-up.in
फेसबुक : @dscertup



मुद्रक : प्रकाश पैकेजर्स, लखनऊ